तापमान

अधिकतम 25 .0 डिग्री
न्यूनतम 17 .0 डिग्री

हरिभूमि
सोनीपत भूमि

रोहतक, शनिवार 31 अक्टूबर 2026

10 दीया सजावट में मन्नत प्रथम और हार्दिक रहा द्वितीय



11 महारैली को लेकर कांग्रेस भवन में किया मंथन



खबर संक्षेप

गोहाना से लड़की और चचेरा भाई लापता

गोहाना। 19 साल की एक लड़की अपने 17 साल के चचेरे भाई के साथ संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक लापता हो गई। लड़की के पिता के बयान पर गोहाना सदर थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी। पुलिस ने दोनों लापता चचेरे भाई-बहन की कॉल डिटेल को खंगाल रही है तथा उनके संभावित ठिकानों पर छापे मार रही है। लापता लड़की के पिता ने सदर थाने को शिकायत की कि उसकी 19 साल की लड़की 28 अक्टूबर की सुबह 10 बजे बिना बताए अचानक गायब हो गई। पिता के अनुसार उसे मालूम हुआ कि उसकी बेटी के साथ उसका 17 साल का भतीजा भी गया है।

गढ़ी बाला के राजकीय स्कूल से दस बैट्रियां चोरी

सोनीपत। गांव गढ़ी बाला स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर स्कूल के मुख्य गेट और कमरों के ताले तोड़कर सोलर सिस्टम में लगी 10 बैट्रियां चोरी कर ले गए। अगले दिन स्कूल पहुंचने पर प्राचार्य को वारदात का पता चला। स्कूल में चौकीदार की तैनाती नहीं होने के कारण सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। प्राचार्य की शिकायत पर कुंडली थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुमासपुर स्थित एल्डिको काउंटी निवासी स्कूल प्राचार्य सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 28 अक्टूबर को स्कूल की छुट्टी के बाद वह मुख्य गेट और कमरों पर ताले लगाकर घर चले गए थे। अगले दिन स्कूल पहुंचे तो बैट्रियां चोरी मिली।

खंडित मूर्तियों के लिए बनाया संग्रहण केंद्र



सोनीपत। घर और मंदिरों में रखी देवी-देवताओं की खंडित मूर्तियों को अब खुले स्थानों, चौराहों और पेड़ों के नीचे छोड़ने की जरूरत नहीं पड़ेगी। नगर निगम ने धार्मिक आस्था से जुड़ी इन मूर्तियों के सम्मानजनक निस्तारण के लिए बस स्टैंड के पास संग्रहण केंद्र शुरू किया है। मेयर राजीव जैन के नेतृत्व में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य शहर में जगह-जगह पड़ी खंडित मूर्तियों को उचित स्थान उपलब्ध करवाना और धार्मिक भावनाओं का सम्मान बनाए रखना है। मेयर राजीव जैन ने कहा कि देवी-देवताओं की मूर्तियां लोगों की आस्था और श्रद्धा का प्रतीक होती हैं। श्रद्धालु वर्षों तक घरों और मंदिरों में इनकी पूजा-अर्चना करते हैं। खंडित होने पर इधर-उधर फेंक देते है।

दो दिन की बारिश से धान की कटाई रुकी मंडियों में बोली न होने से किसान परेशान

■ राई और गन्नौर में सबसे अधिक 31 व 33 मिलीमीटर बारिश, न्यूनतम तापमान गिरकर 17 डिग्री पर पहुंचा

सोनीपत मंडी में महज दो हजार क्विंटल धान की हुई बिक्री, खुले में रखी ढेरियां नहीं बिक पाईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से जिले में लगातार दूसरे दिन हुई बारिश ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रातभर हुई झमाझम बारिश से खेतों में पानी भर गया, जिससे धान, कपास और बाजरे की कटाई के साथ फसलों की कढ़ाई का काम भी प्रभावित हुआ है। खेतों में नमी बढ़ने से रबी सीजन की फसलों की बिजाई पर भी असर पड़ने की आशंका है। मौसम की मार का असर अनाज मंडियों में भी देखने को मिला। शुक्रवार को सोनीपत अनाज मंडी में महज दो हजार क्विंटल धान की ही बिक्री हो सकी। बारिश के कारण खुले में रखी धान की ढेरियों की बोली नहीं लग पाई, जबकि नई फसल लेकर पहुंचे किसानों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। शुक्रवार सुबह आठ बजे तक जिले में औसतन 12 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके बाद भी दिनभर बादल छाए रहे और रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही। खेतों में पानी जमा होने से पकी फसलों की कटाई का काम रुक गया है। किसानों को चिंता है कि खेतों में नमी अधिक रहने से आगामी बिजाई का कार्यक्रम भी प्रभावित हो सकता है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार अगले दो-तीन दिन तक खेतों में कृषि कार्य प्रभावित रहने की संभावना है। लगातार खराब मौसम के चलते सोनीपत अनाज मंडी में शुक्रवार को केवल शेड के नीचे रखे धान की ही बोली लग पाई। खुले आसमान के नीचे पड़ी धान की ढेरियों की बिक्री नहीं हुई। नई फसल लेकर पहुंचे किसानों को धान उतारने के लिए जगह तक नहीं मिल सकी। बारिश के बीच धान के भाव में भी हल्की गिरावट दर्ज की गई। धान की किस्म 1509 का भाव 4281 रुपये प्रति क्विंटल और 1718 का भाव 4601 रुपये प्रति क्विंटल तक रहा। वहीं, 1121 किस्म की आवक नहीं हुई। जिले में शुक्रवार सुबह आठ बजे तक राई में 31 मिलीमीटर और गन्नौर में 33 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा सोनीपत में 21, खानपुर कलां में 13, गोहाना में 11 और खरखौदा में दो मिलीमीटर बारिश हुई।



सोनीपत। बख्तावरपुर में खेत में भीगी पड़ी धान की फसल।

तापमान में गिरावट, सुबह-शाम बढ़ेगी ठंड

लगातार बारिश के कारण अधिकतम तापमान में भी गिरावट आई है। तीन दिन पहले तक 30 डिग्री से ऊपर चल रहा अधिकतम तापमान अब करीब 25 डिग्री तक पहुंच गया है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि बादल छंटने के बाद रात के तापमान में और गिरावट आएगी तथा सुबह-शाम ठंड का असर बढ़ेगा। बारिश से वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है और शुक्रवार को वायु गुणवत्ता सूचकांक 122 दर्ज किया गया।



निकासी व्यवस्था के दावों की खुली पोल

बता दें कि नगर निगम प्रशासन जहां लगातार शहर में निकासी व्यवस्था के दावे करता आ रहा है, वहीं थोड़ी बारिश के बाद ही निकासी के दावों की पोल खुल रही है। शहर के कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति होने से वाहन चालकों व राहगीरों को आवागमन में परेशानी झेलनी पड़ रही है। वहीं बारिश के चलते मुरथल थाना के बाहर भी जलभराव की स्थिति बनी रही। वीरवार दोपहर बारिश बंद होने के बावजूद थाने के बाहर करीब एक फीट तक पानी भरा रहा।

शनिवार से मौसम शुष्क रहने की संभावना

मौसम विशेषज्ञ प्रो. चंद्रमोहन के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर शनिवार तक लगभग समाप्त हो जाएगा। इसके बाद मौसम शुष्क रहने और न्यूनतम तापमान में गिरावट आने की संभावना है। बारिश से कृषि गतिविधियां प्रभावित हुई हैं, हालांकि मौसम साफ होने के बाद खेतों में कामकाज दोबारा शुरू हो सकेगा।

धान से भरा ट्रक खड़े ट्रक में पीछे से घुसा, चालक की मौत

यमुना नदी के पास हुआ हादसा केबिन काटकर निकाला गया शव

बिना पार्किंग लाइट जलाए खड़ा था दूसरा ट्रक, पुलिस ने मामले की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे (केजीपी) पर यमुना नदी के पास शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। धान से भरा ट्रक सड़क पर बिना पार्किंग लाइट जलाए खड़े दूसरे ट्रक में पीछे से जा घुसा। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह पिचक गया और दोनों चालक केबिन में फंस गए। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस और हाईवे अथॉरिटी की टीम ने क्रेन की मदद से बचाव अभियान चलाया। घायल चालक को बाहर निकाल लिया गया, जबकि मृतक का शव निकालने के लिए केबिन काटना पड़ा। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले के जहांगीराबाद निवासी कमल पाल ने कुंडली थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले करीब दस वर्षों से ट्रक चालक हैं। उनके साथ गांव डरोरा निवासी रोहित भी दूसरे चालक के रूप में काम करते थे। दोनों जहांगीराबाद मंडी से ट्रक में धान लोड कर बहालगढ़ स्थित दावत राइस मिल के लिए निकले थे। बागपत तक ट्रक कमल पाल चला रहे थे। इसके बाद आराम करने के लिए उन्होंने ट्रक रोहित को सौंप दिया और खुद सो गए। कुछ देर बाद अचानक तेज धमाके की आवाज सुनाई दी। टक्कर लगने से कमल पाल के सिर और बाएं पैर में चोट लगी। होश आने पर उन्होंने देखा कि उनका ट्रक सड़क पर खड़े दूसरे ट्रक में पीछे से घुस चुका था। हादसे में केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था और दोनों चालक अंदर फंस गए थे। कमल पाल के अनुसार, आगे खड़ा ट्रक बिना पार्किंग लाइट जलाए सड़क पर खड़ा था।

चालक का साथी घायल, रेफर

हादसे के बाद वहां से गुजर रहे वाहन चालकों ने अपने वाहन रोककर मदद की और हाईवे अथॉरिटी की हेल्पलाइन पर सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने क्रेन की सहायता से राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। काफी प्रयास के बाद कमल पाल को केबिन से बाहर निकालकर नागरिक अस्पताल सोनीपत पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहीं, रोहित केबिन में बुरी तरह फंसे रहे और उनकी मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद केबिन काटकर उनका शव बाहर निकाला गया।

चालक के खिलाफ केस

कुंडली थाना पुलिस ने कमल पाल की शिकायत पर सड़क पर ट्रक खड़ा करने वाले चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रवि ने बताया कि मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है।

प्याऊ मनियारी फ्लाईओवर की मरम्मत से यातायात डायवर्ट

■ ड्रेन नंबर-8 फ्लाईओवर पर मरम्मत कार्य में लगेंगे 3 से 4 दिन

■ यातायात पुलिस ने की वाहन चालकों से सहयोग की अपील



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर प्याऊ मनियारी स्थित ड्रेन नंबर-8 फ्लाईओवर की मरम्मत के चलते यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से फ्लाईओवर की मरम्मत का कार्य कराया जा रहा है। यह काम दिल्ली से पानीपत की ओर जाने वाली सड़क पर चल रहा है। इसके चलते इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को सर्विस रोड के माध्यम से निकाला जा रहा है। मरम्मत कार्य पूरा होने में करीब तीन से चार दिन लग सकते हैं। पुलिस आयुक्त ममता सिंह के निर्देश पर यातायात पुलिस ने मौके पर यातायात व्यवस्था संभाली हुई है। पुलिस उपायुक्त मुख्यालय एवं यातायात सोनाक्षी सिंह ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित सर्विस रोड और अपनी लेन का ही इस्तेमाल करें। सर्विस रोड पर ओवरटेक करने से बचें और यातायात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि वाहन चालक जल्दबाजी न करें और मरम्मत स्थल पर विशेष सावधानी बरतें। यातायात पुलिस आमजन की सुविधा को लेकर अलर्ट होकर कार्य कर रही है।

आरोपियों के खाते में पैसे ट्रांसफर करने का आरोप

टाइगर श्रॉफ हमले मामले में रोहणा का अमर गिरफ्तार

खरखौदा। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ पर हुए हमले के मामले में मुंबई पुलिस ने खरखौदा थाना क्षेत्र के गांव रोहणा निवासी अमर पुत्र सुरेंद्र को गिरफ्तार किया है। पुलिस का आरोप है कि इस मामले से जुड़े 40 हजार रुपये अमर के बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए थे। गिरफ्तारी के बाद मुंबई पुलिस उसे खरखौदा लेकर पहुंची और स्थानीय अदालत में पेश किया। पुलिस ने तीन दिन का ट्रांजिट रिमांड मांगा था, लेकिन अदालत ने दो दिन का ट्रांजिट रिमांड मंजूर किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अमर का पड़ोसी कुणाल पहले ही मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। अमर का कहना है कि कुणाल ने उसे बताया था कि उसकी बहन की शादी है और कुछ पैसे उसके खाते में डलवाने हैं। इसी बात पर उसने अपने खाते में पैसे डलवा लिए थे। अमर का मामले का नाम आने पर परिवार सन्न है।



खरखौदा। आरोपी को अदालत में पेश करती पुलिस।

कपड़ों की दुकान में काम करता था

अमर ने इन पैसों को लेकर अपनी सफाई दी है। परिवार की बात करें तो अमर दसवीं कक्षा तक पढ़ा है। उसके परिवार में माता-पिता और बड़ा भाई रवि है। जानकारी के अनुसार, उसके माता-पिता कंपनियों में साफ-सफाई का काम करते हैं, जबकि बड़ा भाई मजदूरी करता है। अमर खुद खरखौदा में एक कपड़े की दुकान पर काम करता था। मुंबई पुलिस अमर को पहले खरखौदा थाना लेकर पहुंची और बाद में खरखौदा न्यायालय में एसडीजेएम सुषमा की अदालत में पेश किया। अदालत से दो दिन का ट्रांजिट रिमांड मिलने के बाद मुंबई पुलिस उसे आगे की पूछताछ के लिए अपने साथ ले गई। मामले में अमर के वकील ने भी अदालत की कार्रवाई, रिमांड और बचाव पक्ष के बारे में अपना पक्ष रखा। फिलहाल मामले की जांच मुंबई पुलिस कर रही है। अमर पर लगे आरोपों की पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया और जांच के बाद ही होगी।

नो ड्यूज सर्टिफिकेट फर्जीवाड़ा मामला

इनफ्लुएंसर बसंत की जमानत याचिका खारिज

गोहाना। गोहाना नगर परिषद के कर्मचारी को 60 हजार रुपए का भुगतान कर नो ड्यूज सर्टिफिकेट में फर्जीवाड़ा करने के आरोपी बसंत जांगड़ा की जमानत की याचिका को एसडीजेएम अविनाश यादव ने खारिज कर दिया। बसंत हरियाणवी इन्फ्लुएंसर है और 3 सितंबर से जेल में बंद है। उधर, नगर परिषद के आरोपी कर्मचारी की अब तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। हरियाणवी इन्फ्लुएंसर बसंत जांगड़ा पर आरोप है कि उसने नगर परिषद के कर्मचारी रवि के साथ मिल कर आपराधिक साजिश रची। जांगड़ा ने रवि को 60 हजार रुपए दिए और बदले में रवि ने नो ड्यूज सर्टिफिकेट में असली की जगह दूसरा किला नंबर प्रदर्शित कर दिया। अदालत में यह राज खुला कि जिस प्रॉपर्टी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट नगर परिषद द्वारा जारी किया गया था, उसका किला नंबर अथॉराइज्ड कॉलोनी का था तथा उस नकली किला नंबर के लिए नो ड्यूज सर्टिफिकेट जारी ही नहीं किया जा सकता था। इन्फ्लुएंसर बसंत जांगड़ा पर आरोप है कि उसने इस फर्जीवाड़े की एवज में गोहाना नगर परिषद के कर्मचारी रवि को 60 हजार रुपए की पेमेंट की थी। आरोपी रवि की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। हाई कोर्ट द्वारा रवि की अग्रिम जमानत की याचिका 22 सितंबर को खारिज की जा चुकी है।



साहस और दृढ़ संकल्प का परिचय देकर युवाओं को दिया देशभक्ति का संदेश

हाड़ कंपाने वाली ठंड में अजय ने डोकरानी ग्लेशियर के रैम्बो रॉक पर लहराया तिरंगा

■ दुर्गम रास्तों और चुनौतीपूर्ण पर्वतीय परिस्थितियों के बीच हासिल की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत निवासी प्रमाणित पर्वतारोही अजय चौहान ने गंगोत्री क्षेत्र स्थित डोकरानी ग्लेशियर के रैम्बो रॉक पर माइनस 10 डिग्री सेल्सियस तापमान में तिरंगा फहराकर देश का गौरव बढ़ाया। कड़ाके की ठंड, दुर्गम रास्तों और चुनौतीपूर्ण पर्वतीय परिस्थितियों के बीच उन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एनआईएम के कर्नल एसएस पुरोहित की अध्यक्षता में सूबेदार पान बहादुर ने की।

अजय चौहान ने इस अभियान के माध्यम से युवाओं को साहसिक गतिविधियों में भाग लेने और शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत बनने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि देश की आन, बान और शान के साथ करोड़ों भारतीयों के गौरव का प्रतीक है। विपरीत परिस्थितियों में तिरंगा फहराना उनके लिए गर्व और राष्ट्र के प्रति समर्पण का विशेष क्षण रहा।



सोनीपत। रैम्बो रॉक पर तिरंगा फहराते हुए पर्वतारोही अजय चौहान।

उपलब्धि से सोनीपत में खुशी का माहौल

उनकी इस उपलब्धि से सोनीपत में खुशी का माहौल है। यह अभियान युवाओं को चुनौतियों का सामना करने, साहसिक गतिविधियों से जुड़ने और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने की प्रेरणा देने वाला है। जय हिंद, जय भारत के संदेश के साथ अजय चौहान ने तिरंगे के प्रति अपना सम्मान और राष्ट्रभक्ति प्रदर्शित की। खेलप्रेमियों ने उन्हें बधाई दी है।

साइक्लोथॉन में विद्यार्थियों ने दिया नशामुक्ति का संदेश



सोनीपत। राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला कार्यक्रम समन्वयक और राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मॉडल टाउन के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को 100 दिवसीय नशामुक्त युवा अभियान के तहत जिला स्तरीय साइक्लोथॉन एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला एनएसएस समन्वयक पवन के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में करीब 1200 विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने नशे के खिलाफ सामूहिक शपथ ली। विद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। साइक्लोथॉन विद्यालय से शुरू होकर मॉडल टाउन, आईटीआई चौक, परशुराम चौक, सुभाष चौक और ताऊ देवी लाल चौक से होते हुए वापस विद्यालय पहुंची। इस दौरान आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में करीब 30 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। इसमें चंद्र ने प्रथम, राहुल ने द्वितीय और अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला एनएसएस समन्वयक पवन ने कहा कि नशे की लत व्यक्ति के साथ पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करती है। कार्यक्रम में शिक्षक रेखा, नीरज, रजनीश, अभिमन्यु, विनोद, परवीन, सतीश और दीपक सहित अन्य मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा विभाग ने पनीर और मिठाइयों के सैंपल भरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गन्नौर

दीपावली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने मिठाई और अन्य खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए जांच अभियान की कड़ी में खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह पूनिया ने जीटी रोड स्थित हवेली के पास बीकानेर वाला मिष्ठान भंडार पर पहुंचकर पनीर और मिठाइयों के नमूने लिए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दोनों खाद्य पदार्थों के नमूने नियमानुसार एकत्रित किए और उन्हें सील करके जांच के लिए प्रयोगशाला में भेज दिया। अब प्रयोगशाला से मिलने वाली जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता का पता चलेगा।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह पूनिया ने बताया कि नमूनों की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही उनकी गुणवत्ता के संबंध में स्थिति स्पष्ट होगी। फिलहाल नमूने लिए गए हैं, किसी प्रकार की मिलावट की पुष्टि नहीं हुई है। दीपावली का त्योहार नजदीक है। ऐसे में आमजन को शुद्ध और गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। त्योहारों के दौरान मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ जाती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विभाग की ओर से मिष्ठान भंडारों और खाद्य पदार्थों की दुकानों पर नमूने लेने का अभियान चलाया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाना और खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर निगरानी रखना है। इसके लिए अलग-अलग प्रतिष्ठानों पर जाकर खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है।



गन्नौर। मिष्ठान भंडार में जांच करते खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र सिंह पूनिया।

न्यूज डायरी



खंड स्तरीय निपुण रामलीला में राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति विद्यालय खरखौदा रहा प्रथम

खरखौदा। स्थानीय बीआरसी हॉल में शुक्रवार को खंड स्तरीय निपुण रामलीला का आयोजन किया गया। जिसमें सीआरसी स्तर पर प्रथम आने वाले विद्यालयों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रामलीला के माध्यम से छात्रों ने भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, आदर्शों और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी शिक्षाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार एवं बीआरसी मनोज कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों के सर्वांगीण विकास, आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल एवं रचनात्मकता को बढ़ावा देती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका रमेशचंद्र, प्रवक्ता हिंदी, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सैदपुर, नीलम, प्रवक्ता हिंदी, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खरखौदा तथा शोभा रानी, टीजीटी हिंदी, राजकीय उच्च विद्यालय गोपालपुर ने निभाई। प्रतियोगिता के परिणामों में राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय खरखौदा ने प्रथम स्थान, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय कंवाली ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय प्राथमिक विद्यालय बरोणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से निर्णायक मंडल एवं उपस्थित अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन बीआरसी टीम के सहयोग से किया गया। जिसमें किरण डारोलिया, डॉ. नवीन कुमार, राजेश कुमार, सविता सहित अन्य सदस्यों ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का उद्देश्य निपुण हरियाणा मिशन के अंतर्गत विद्यार्थियों में भाषा कौशल, संवाद क्षमता, आत्मविश्वास एवं सीखने के प्रति रुचि विकसित करना रहा।



शिकायतों का एक सप्ताह में करें समाधान, अधूरी कार्रवाई रिपोर्ट अपलोड करने पर जताई नाराजगी

सोनीपत। सीएम विंडो और एसएमजीटी हरियाणा पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निपटान में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई होगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को लंबित शिकायतों का समयबद्ध समाधान करने और अधूरी कार्रवाई रिपोर्ट अपलोड नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने अनावश्यक देरी के मामलों में संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। इससे पहले राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तीय आयुक्त डॉ. सुमिता मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने समय पर शिकायतों का निपटान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वीसी के बाद उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सीएम विंडो और एसएमजीटी पोर्टल आमजन की समस्याओं के समाधान का माध्यम हैं। इसलिए प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निशानदेही से संबंधित शिकायतों का अगले एक सप्ताह में समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक से ठीक पहले कुछ विभागों द्वारा आधी-अधूरी कार्रवाई रिपोर्ट अपलोड करने पर नाराजगी जताई। एसएमजीटी पोर्टल पर कार्रवाई रिपोर्ट के साथ आवश्यक फोटो अपलोड करना भी अनिवार्य किया। इस दौरान संयुक्त आयुक्त मीतू धनखड़, नगराधीश सिमरन, एसीपी अमित धनखड़, रोडवेज महाप्रबंधक संजय कुमार और जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



सेवानिवृत्त तीन पुलिस अधिकारियों को दी भावभीनी विदाई

सोनीपत। पुलिस लाइन सोनीपत में शुक्रवार को सेवानिवृत्त हो रहे तीन पुलिस अधिकारियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान ऑनरेरी निरीक्षक धर्मबीर सिंह, ऑनरेरी निरीक्षक जगदीश कुमार और उप निरीक्षक श्री भगवान को पुलिस विभाग में लंबे समय तक दी गई सेवाओं के लिए सम्मान चिन्ह और उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में वेलफेयर निरीक्षक जसमेर और लाइन अफसर उप निरीक्षक कुलदीप सिंह ने तीनों अधिकारियों को भावभीनी विदाई दी। उन्होंने अधिकारियों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, ईमानदारी और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि तीनों ने अपने सेवाकाल में पूरी निष्ठा के साथ विभागीय जिम्मेदारियां निभाईं। उनकी सेवाएं पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेंगी।



सुरक्षित बचपन अभियान के तहत विद्यार्थियों को गुड टच-बैड टच व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

सोनीपत। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) की ओर से बच्चों को लैंगिक अपराधों से बचाने और उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए सुरक्षित बचपन अभियान के तहत जिले के चार विद्यालयों में जागरूकता शिविर आयोजित किए गए। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं डीएलएसए सचिव प्रचेता सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित शिविरों में विद्यार्थियों को पॉक्सो अधिनियम-2012 और बाल संरक्षण से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। पीएम श्री मॉडल संस्कृति स्कूल, मॉडल टाउन में न्यायिक मजिस्ट्रेट आजाद सिंह, किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य सुमन माजरी, पैनल अधिवक्ता सोनिया दहिया, जिला बाल संरक्षण इकाई की रिसोर्स पर्सन प्रेमलता, साइबर थाना के हेड कांस्टेबल गुलशन और विशेष किशोर पुलिस इकाई के आशु ने विद्यार्थियों को जागरूक किया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जटवाड़ा और मशद में अधिवक्ता अरुण कुमार शर्मा, प्रेमलता और गुलशन ने जानकारी दी। वहीं, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गढ़ी घसीटा में अधिवक्ता उदित ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। शिविरों में गुड टच-बैड टच, बाल अधिकार, साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन उत्पीड़न और शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया समझाई गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि किसी भी तरह के शोषण या दुर्व्यवहार की जानकारी बिना डर अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को दें। अभियान का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित वातावरण और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना है।

दयालु-2 योजना के तहत 24 आवेदनों पर विचार, आर्थिक सहायता मंजूर

सोनीपत। दीन दयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा (दयालु-2) योजना के तहत शुक्रवार को उपायुक्त नेहा सिंह की अध्यक्षता में जिलास्तरीय कमेटी की बैठक हुई। इसमें आर्थिक सहायता के लिए प्राप्त 24 आवेदनों पर विस्तार से चर्चा की गई और पात्र आवेदकों को आर्थिक सहायता मंजूर की गई। बैठक में अनुपस्थित रहे आवेदकों को कमेटी के समक्ष दोबारा उपस्थित होने का अवसर भी दिया गया। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि आवेदन में किसी भी प्रकार की धोखाधड़ी मिलने पर संबंधित आवेदनकर्ता के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान चिकित्सक ने उपायुक्त के समक्ष पीड़ितों को कुत्तों द्वारा काटे जाने के निशानों की भी जांच की। योजना के तहत आवारा पशुओं या कुत्तों के काटने से आकस्मिक मृत्यु अथवा 70 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता होने पर एक से पांच लाख रुपये तक की आर्थिक सहायता का प्रावधान है। 12 वर्ष तक की आयु पर एक लाख, 12 से 18 वर्ष तक दो लाख, 18 से 25 वर्ष तक तीन लाख, 25 से 45 वर्ष तक पांच लाख और 45 वर्ष से अधिक आयु पर तीन लाख रुपये दिए जाते हैं। बैठक में जिला सांख्यिकी अधिकारी जोगिंदर सिंह, एसीपी अमित कुमार सहित कमेटी के सदस्य और संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

लोनावला में महाराष्ट्र के पहलवान को हराकर 41 किग्रा वर्ग में हासिल किया पहला स्थान

कुश्ती ट्रायल में छाया साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल का हन्नी, नेशनल के लिए चयन

- 31 अक्टूबर से दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 70वें स्कूल नेशनल गेम्स में दिखाएंगे अपना दम
- साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन व प्रबंधन ने दी बधाई, उज्ज्वल भविष्य की कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट वर्ल्ड स्कूल के 8वीं कक्षा के होनहार छात्र हन्नी ने खेल जगत में संस्थान और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। पुणे के लोनावला स्थित सिंहगढ़ पब्लिक स्कूल में 21 से 24 अक्टूबर तक आयोजित सीबीएससी नेशनल लेवल कुश्ती ट्रायल में हन्नी ने देश भर से आए पहलवानों को पछाड़ते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-14 आयु वर्ग के 41 किलोग्राम भार वर्ग में खेलते हुए हन्नी ने प्रतियोगिता के सभी 9 प्रतिस्पर्धियों को मात दी। फाइनल मुकाबले में हन्नी ने महाराष्ट्र के पहलवान को एकतरफा मुकाबले में हराकर जीत दर्ज की।साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने बताया कि शानदार प्रदर्शन के दम पर हन्नी का चयन अब 70वें एसजीएफआई स्कूल नेशनल गेम्स 2026-27 के लिए हो गया है। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 31 अक्टूबर से 5 नवंबर 2026 तक दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित की जाएगी, जहां हन्नी एक बार फिर अंडर-14 के 41 किग्रा भार वर्ग में अपना हुनर दिखाएंगे। हन्नी के पिता परवीन कुमार ने अपने बेटे की इस बड़ी उपलब्धि पर खुशी व्यक्त की है। एग्जीक्यूटिव चेयरमैन रोहित खत्री ने कहा कि आज के दौर में खेल शिक्षा का अभिन्न अंग हैं। वाइस चेयरपर्सन वर्तिका खत्री ने कहा कि एक युवा एथलीट के रूप में हन्नी की यह यात्रा संस्थान के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। सीईओ भावना कालरा ने कहा कि 9 बेहतरीन पहलवानों के बीच पहला स्थान हासिल करना हन्नी के बेहतरीन कौशल को दर्शाता है। डायरेक्टर डॉ. ममता सचदेवा ने कहा कि लोनावला में महाराष्ट्र के खिलाड़ी को हराकर नेशनल लेवल के लिए चयनित होना हन्नी के मानसिक और शारीरिक संतुलन को दिखाता है।



सोनीपत। साउथ पॉइंट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री हन्नी को आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं देते हुए।

मुक्केबाज देव और जतिन के पंच से निकले दो स्वर्ण पदक

गोहाना। हिमाचल प्रदेश के रामपुर शहर में 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर तक आयोजित कैश प्राइज बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में गोहाना-खानपुर मार्ग पर स्थित ग्लोबल पब्लिक स्कूल ने चार पदक प्राप्त किए। इनमें दो स्वर्ण पदक और दो कांस्य पदक हैं। शुक्रवार को स्कूल के एमडी पंकज जाले और प्राचार्या डॉ. प्रीति शर्मा ने चारों पदक विजेताओं को सम्मानित किया। स्कूल की प्राचार्या डॉ. प्रीति शर्मा के अनुसार उनके स्कूल के



छात्र देव ने अंडर-17 के आयु वर्ग और 80 किलोग्राम से अधिक के भार वर्ग तथा जतिन ने अंडर-14 के आयु वर्ग और 43 किलोग्राम के भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किए। इसी तरह से 46 किलोग्राम के भार वर्ग में केशव और 37 किलोग्राम के भार वर्ग में चेतन ने कांस्य पदक प्राप्त किए। प्राचार्या ने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी हिस्सा लेना चाहिए। खेलों में भाग लेने से विद्यार्थियों का शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है।

नेशनल स्कूल गेम्स में दमखम दिखाएंगे ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल के पहलवान ध्रुव मलिक

सोनीपत। ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3), सोनीपत के होनहार पहलवान ध्रुव मलिक ने कुश्ती के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। ध्रुव मलिक का चयन 31 अक्टूबर से 5 नवंबर तक नई दिल्ली में होने वाले 70वें नेशनल स्कूल गेम्स (एसजीएफआई) के लिए सीबीएसई की कुश्ती टीम में हुआ है। उन्होंने महाराष्ट्र के लोणावला स्थित सिंहगढ़ पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई नेशनल रेसलिंग ट्रायल में शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर-17 आयु वर्ग के 60 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। नौवीं कक्षा के छात्र ध्रुव मलिक ने ट्रायल प्रतियोगिता के दौरान अपने दमदार खेल, तकनीक और आत्मविश्वास से सभी को प्रभावित किया। उन्होंने प्रतियोगिता के सभी मुकाबलों में प्रतिद्वंद्वी पहलवानों को 10-0 से पराजित कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस अवसर पर अध्यापिका नीरजा, गीता राणा, मोनिका, नमिता, मधु, मीनाक्षी, महक, सुविधा, निशा, राखी, योगिंद्र, खेल प्रभारी संजीत सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों ने ध्रुव मलिक को बधाई देते हुए नेशनल स्कूल गेम्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।



इंटर कॉलेज वॉलीबॉल चैंपियनशिप में पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ की टीम बनी उपविजेता



सोनीपत। पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ की वॉलीबॉल टीम ने दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में आयोजित इंटर कॉलेज वॉलीबॉल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का खिताब हासिल किया। प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करने वाले संस्थान के तीन खिलाड़ियों का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए विश्वविद्यालय की टीम में किया गया है। इस उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन डॉ. विजयपाल नैन, सचिव गौतम नैन, कोषाध्यक्ष भोपाल सिंह, प्रबंध निदेशक कपिल भाटिया, एमडी इंजीनियर संघदीप शाक्य, डायरेक्टर एकेडेमिक्स डॉ. स्वीटी, कैंपस डायरेक्टर कुलदीप और रजिस्ट्रार कंवलजीत सिंह संधू ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता में पूर्ण मूर्ति विद्यापीठ की टीम की ओर से जगजीत आनंद, नीलाक्ष, आदित्य पंडित, प्रतीक, पीयूष रावत, वामसी, नासिर हुसैन, दिवाकर, जितेश और विकास ने शानदार प्रदर्शन किया। इनमें बीटेक एयरोनॉटिकल के छात्र जगजीत आनंद, नीलाक्ष और आदित्य पंडित का चयन ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल की टीम में हुआ है।

जीवीएम कॉलेज में छात्राओं ने पक्षियों के लिए बनाए फीडर, घोंसले व घर



सोनीपत। जीवीएम गर्ल्स कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग की ओर से शुक्रवार को पक्षियों के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। बॉटनी और फिजिक्स लैब में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पक्षियों के लिए आकर्षक फीडर, घोंसले और घर तैयार किए। संस्था के प्रधान डॉ. ओपी परुथी और प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने आयोजन के लिए छात्राओं को बधाई दी।कार्यक्रम में बर्ड फीडर मेकिंग, बड्र्स नेस्ट मेकिंग और बड्र्स हाउस मेकिंग प्रतियोगिताएं हुईं। इनमें क्रमशः 20, 15 और 25 छात्राओं ने दो-दो के समूह में भाग लिया। तैयार किए गए घोंसले और घर कॉलेज परिसर के पेड़ों पर लगाए जाएंगे। बड्र्स नेस्ट और बड्र्स हाउस प्रतियोगिताओं में अंग्रेजी विभाग की रोजी चोपड़ा और कमलेश चोपड़ा निर्णायक रहीं। बर्ड फीडर प्रतियोगिता में डॉ. संगीता सिंह और मोनिका ने निर्णायक की भूमिका निभाई। बड्र्स नेस्ट प्रतियोगिता में रितिका और बुलबुल प्रथम तथा वंशिका और शगुन द्वितीय रहीं। बड्र्स हाउस में आयुषी और हिमानी प्रथम, स्वाति और अंकिता द्वितीय, अंशिका और एकता तृतीय तथा खुशबू और इशप्रीत को सांत्वना पुरस्कार मिला। बर्ड फीडर में अदिति और तमन्ना प्रथम, अंजलि और खुशबू द्वितीय तथा विनीता और इलिका तृतीय रहीं। प्राचार्या डॉ. मंजुला स्पाह ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से छात्राओं में रचनात्मकता, पर्यावरण संरक्षण और जैव विविधता के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है। आयोजन में विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता सैनी, सुमन और सिमरन का विशेष योगदान रहा।



अंग्रेजी लेखन में कनिका, मेहंदी रचाने में आलिया द्वितीय

गोहाना। सोनीपत की डिस्ट्रिक्ट काउंसिल फॉर चाइल्ड वेलफेयर द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में से दो प्रतियोगिताओं में गोहाना-सोनीपत मार्ग पर स्थित शेर सिंह पब्लिक स्कूल की छात्राएं द्वितीय रहीं। स्कूल के प्राचार्य कुलदीप देशवाल के अनुसार अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता में उनकी छात्रा कनिका द्वितीय स्थान पर रही। इसी तरह से मेहंदी रचाने की प्रतियोगिता में आलिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के एमडी महेंद्र सिंह मलिक ने दोनों छात्राओं को सम्मानित किया तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर शिक्षिका रितु, दीपिका, शिक्षक अशोक दांगी और नरेंद्र उपस्थित रहे।

दीया सजावट प्रतियोगिता में मन्नत प्रथम और हार्दिक रहा द्वितीय

खरखौदा। दीपावली के उपलक्ष में कल्पना चावला विद्यापीठ में आज अंतर-सदनीय दीया सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को तीन समूहों में विभाजित किया गया था। प्रथम समूह में कक्षा चौथी एवं पांचवी, द्वितीय समूह में कक्षा छठी से आठवीं तथा तृतीय समूह में कक्षा नौवीं एवं ग्यारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन गतिविधि प्रभारी बिजेंद्र हुड्डा द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका अध्यापिका मंजू रानी और पुष्पा ने निभाई। विद्यार्थियों की सुंदर कलाकृतियों और रचनात्मकता को देखते हुए विजेताओं का चयन करना निर्णायकों के लिए चुनौतीपूर्ण रहा। प्रतियोगिता के परिणाम में प्रथम समूह से सत्यम सदन की मन्नत ने प्रथम तथा सत्यम सदन के हार्दिक ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। द्वितीय समूह में शिवम सदन की परी ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि सुंदरम



सदन की गिरीशा और सत्यम् सदन की मानवी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय समूह में सत्यम् सदन की वंशिका और शिवम् सदन की चेष्टा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया सत्यम सदन की हर्षिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ऊषा वत्स एवं प्राथमिक प्रभारी रितु ने विजेता विद्यार्थियों और सदन मुखिया अध्यापिका अनीता, कृष्णा और अध्यापक मनीत को बधाई दी तथा उनकी मेहनत और रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की।

दादा समाध्या धाम में तीन नवंबर को लगेगा वार्षिक भंडारा

सोनीपत। ब्रह्मलीन बाबा बालक नाथ के शिष्य सुनील बैरागी उर्फ भोले बाबा ने बताया कि मंगलवार दिनांक तीन नवंबर 2026 को दादा समाध्या धाम में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दादा का वार्षिक भंडारा लगाया जाएगा। इससे पूर्व सोमवार दिनांक दो नवंबर की रात्रि को सत्संग जागरण व भजन कीर्तन का आयोजन होगा।

तीन नवंबर को सुबह हवन यज्ञ व पूजन करने के बाद भंडारे की शुरुआत की जाएगी। इस अवसर पर विधायक, पार्षद, सरपंच एवं समस्त दादा के भक्त सेवक उपस्थित रहेंगे।



106 स्वयंसेविकाओं ने कॉलेज में चलाया स्वच्छता अभियान

गन्नौर। सीसीएएस जैन गर्ल्स पीजी कालेज की एनएसएस इकाई द्वारा एक दिवसीय शिविर लगाया गया। शिविर का शुभारंभ कालेज प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने किया। इसमें 106 स्वयं सेविकाओं ने भाग लिया। शुरुआत में छात्राओं को समाज सेवा, राष्ट्रप्रेम और सामाजिक दायित्वों के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई गई। इसके बाद छात्राओं ने कालेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई की। कालेज के सेवादारों ने भी अभियान में सहयोग दिया। प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने कहा कि एनएसएस विद्यार्थियों में सेवा, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का माध्यम है। एनएसएस अधिकारी रजनी देवी ने छात्राओं को संगठन के उद्देश्यों, नियमों और कार्यप्रणाली की जानकारी दी। शिविर में खेल अधिकारी बिजेंद्र सिंह सहित कालेज स्टाफ मौजूद रहा।

हरियाणवी एकल नृत्य में कोमल प्रथम, समूह नृत्य व क्ले मॉडलिंग में भी हासिल किए स्थान

आरएचवाईटीएचएम समारोह में टीकाराम कॉलेज की छात्राओं ने जीते पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

टीकाराम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की छात्राओं ने दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीसीआरयूएसटी), मुरथल में आयोजित आरएचवाईटीएचएम समारोह में शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिताओं में पुरस्कार हासिल किए। छात्राओं की उपलब्धि पर महाविद्यालय में खुशी का माहौल रहा। बीसीए द्वितीय वर्ष की छात्रा कोमल ने हरियाणवी एकल नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। हरियाणवी समूह नृत्य में सृष्टि, मुस्कान, प्रिया, रश्मि, खुशी, प्रियांशी, दिशा, हिमांशी, निकिता, मुस्कान और विशु ने तृतीय स्थान हासिल किया। पंजाबी कविता पाठ में तनिषा और क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में रश्मि ने तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की तैयारी कोरियोग्राफर प्रदीप के मार्गदर्शन में करवाई गई। प्राचार्या प्रोफेसर डॉ. उषा दहिया ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं छात्राओं में आत्मविश्वास और रचनात्मकता बढ़ाने का अवसर देती हैं। महाविद्यालय के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दहिया ने भी सभी विजेता छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में इसी तरह मेहनत और उत्साह से आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।



सोनीपत। टीकाराम गर्ल्स कॉलेज में विजेता विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

गुरुकुल मटिण्डू के विद्यार्थियों ने किया कुरुक्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण



खरखौदा। शुक्रवार को गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा विद्यार्थियों के लिए कुरुक्षेत्र का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस दौरान बच्चों ने ब्रह्मसरोवर, ज्योतिसर तीर्थ, साइंस म्यूजियम कृष्ण एवं गीता म्यूजियम जैसे ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक स्थलों का भ्रमण किया। इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों ने भारतीय इतिहास, संस्कृति एवं विरासत के बारे में अनेक महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त की। साथ ही, साइंस म्यूजियम में विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों को देखकर विज्ञान के नए-नए पहलुओं को समझा और सीखा। बच्चों ने इस यात्रा का भरपूर आनंद लिया। यह भ्रमण उनके लिए मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धक एवं यादगार अनुभव भी रहा। गुरुकुल प्रबंधन का मानना है कि शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं, बल्कि अनुभवों से भी समृद्ध होती है।

खबर संक्षेप



नितिन नवीन आगमन की तैयारियों को लेकर बैठक

गोहाना। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 1 नवंबर को रोहतक आएंगे। इस आगमन के लेकर शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय गोहाना में संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में केश कला एवं कौशल विकास बोर्ड, हरियाणा के चेयरमैन यशपाल ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश सचिव अमरपाल राणा ने कार्यकर्ताओं एवं संगठनात्मक पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की।

राष्ट्र भ्रातृ यज्ञ युवा सांस्कृतिक महोत्सव कल

खरखौदा। समाज कल्याण परिषद रोहट के तत्वावधान में एक नवंबर को राष्ट्र भ्रातृ यज्ञ युवा सांस्कृतिक महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। जिसमें भदाना, झरोट, थाना खुर्द, कंवाली, फतेहपुर, रोहट आदि गांवों के बच्चे सामाजिक हरियाणवी संस्कृति एवं देशभक्ति के कार्यक्रम प्रस्तुत कर सामाजिक समरसता का संदेश देंगे। कार्यक्रम संयोजक ऋषिपाल भदाना ने बताया कि इस अवसर पर गांव रोहट के पूर्व सैनिकों, समाज सेवकों, खिलाड़ियों, मिड डे मील के रसोइए, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि को सम्मानित किया जाएगा।

स्वास्थ्य कर्मियों की टीमों ने 10,38,799 घरों का किया सर्वे

जिले में पैर पसार रहा डेंगू, 4 माह में 78 केस, 356 लोगों को थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिले में मानसून के बाद भी डेंगू का प्रकोप थमने का नाम नहीं ले रहा है। जिले में डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 78 पहुंच चुकी है, जबकि मलेरिया के 05 मरीज और चिकनगुनिया के 02 मरीज सामने आए हैं। लाख जागरूक प्रयासों के बावजूद डेंगू जिलेभर में पैर पसार रहा है। अब तक सबसे ज्यादा 26 डेंगू के मामले बढ़खालसा सीएचसी क्षेत्र में सामने आए हैं। ऐसे में जहां नगर निगम मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए फॉगिंग अभियान चला रहा है, वहीं स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड़ पर रहते हुए दवा छिड़काव व मच्छरदानियां वितरण में जुटा है, ताकि लोगों को बीमारियों से बचाया जा सके।

बता दें कि इस वर्ष जिले में 4 माह के अंदर डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर 78 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता दिखाते हुए 166 टीमों को अलर्ट पर रखते हुए फील्ड में सक्रिय किया है। टीम में स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रभावित इलाकों में फॉगिंग, मच्छरदानी वितरण व लार्वा जांच अभियान तेज कर दिया है। जिन स्थानों पर अब तक डेंगू के मरीज मिले हैं, वहां नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है और आसपास के घरों में भी सर्वे किया जा रहा है। उधर जिला सिविल सर्जन डॉ. अलंकृता गेरा ने जिलेभर के सभी स्वास्थ्य अधिकारियों, प्रभारियों व कर्मियों को मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। साथ ही लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ फील्ड में निगरानी बढ़ाने की बात कहीं है। इसके अलावा एमपीएचडब्ल्यू के कार्यों की जांच, विभिन्न जगह होने वाले जलभराव में टेमेफोस लार्वानाशक का छिड़काव करवाने, ग्रामीण अंचल में बुखार जांच शिविर लगवाने की हिदायत दी गई है।



सोनीपत। गांव गढ़ शहजानपुर में लोगों को मच्छरदानी प्रदान करते इंस्पेक्टर बलबीर सिंह व स्वास्थ्य कर्मी।

इस वर्ष आकड़ों पर नजर

मलेरिया के कुल टेस्ट	141043
डेंगू के कुल टेस्ट	3246
चिकनगुनिया के कुल टेस्ट	132
स्वास्थ्य टीमों की ओर से घरों का सर्वे	1038799
लोगों को दिए गए नोटिस	356

मरीजों को जल्द इलाज उपलब्ध कराने के निर्देश

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. योगेश गोयल और हेल्थ इंस्पेक्टर बलबीर सिंह ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिया कि वह बुखार के मामलों में रक्त जांच की व्यवस्था में सुधार करें। मरीजों को जल्द से जल्द इलाज उपलब्ध कराएं। प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरों के पनपने के स्रोतों को खत्म करने के कार्यों को और मजबूत करें। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार अस्पताल में रोजाना करीब 600 से ज्यादा बुखार, खांसी, जुकाम से पीड़ित मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। निजी अस्पतालों में भी मरीजों की भीड़ बढ़ रही है। मानसून जाने के बावजूद शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में डेंगू-मलेरिया की दस्तक व घर-घर में वायरल के मरीज मिल रहे हैं। स्वास्थ्य कर्मियों के साथ आशा वर्कर भी लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक कर रही हैं।

प्रयास : पिछले साल की तुलना में 50% कमी

स्वास्थ्य विभाग के रिकॉर्ड के अनुसार सोनीपत जिले में वर्ष 2023 में डेंगू के 332, मलेरिया के 13, चिकनगुनिया के 00 मामले सामने आए थे। वर्ष 2024 में डेंगू के 515, मलेरिया के 11, चिकनगुनिया के 02 मामले और साल 2025 में डेंगू के 155, मलेरिया के 15, चिकनगुनिया के 05 मामले सामने आए थे। साल 2026 में अब तक डेंगू के 78, मलेरिया के 05, चिकनगुनिया के 02 मामले सामने आ चुके हैं। हालांकि विभाग मलेरिया में करीब 66 प्रतिशत व डेंगू में 50 प्रतिशत रोक लगाने पर खरा उतरा है।

बुखार आने पर अस्पताल में करवाएं जांच

अगर किसी व्यक्ति को बुखार आता है, तो वह अपने पास से दवा न लें। उन्हें तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर रक्त की जांच करवानी चाहिए। सरकारी अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया की निशुल्क जांच का प्रावधान है। इसके अलावा डेंगू मरीजों के लिए अलग से वार्ड की व्यवस्था की गई है। मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बाजू के कपड़ों व मच्छरदानी का प्रयोग करें।

-डॉ. अलंकृता गेरा, सिविल सर्जन, सोनीपत

न्यूज डायरी

विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, विधानसभा की कार्यप्रणाली और आकर्षक कलाकृतियों को देखा

गन्नौर। खेड़ी गुर्जर रोड स्थित शिवालिक पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गन्नौर की ओर से विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन चंडीगढ़ और पिंजौर के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्रशासनिक स्थलों पर किया और महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। शैक्षणिक भ्रमण की शुरुआत चंडीगढ़ स्थित हरियाणा विधानसभा के दौरे से हुई। यहां विद्यार्थियों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था, विधानसभा की कार्यप्रणाली और सदन में होने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की। इसके बाद विद्यार्थियों ने प्रसिद्ध रॉक गार्डन का भ्रमण किया। इस दौरान उन्हें पुनः उपयोग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी मिला।प्रधानाचार्य रमेश पहल ने कहा कि शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर विद्यालय का शिक्षक एवं अन्य स्टाफ भी मौजूद रहा।



साइकिल रैली निकालकर किया जागरूक

राई। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेरना में नशा मुक्त युवा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारीज संस्थान से पहुंचे बीके गणेश और रोहतास शर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से साइकिल जागरूकता रैली निकाली गई। स्वयंसेवकों ने नशे के खिलाफ नारे लगाते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया और नशा नहीं करने का संदेश दिया। रैली को सोनीपत मार्केट कमेटी के चेयरमैन अरुण चौहान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गांव अटेरना के सरपंच रविंद्र कुमार, गांव मनौली के सरपंच धर्मबीर शर्मा, गांव भैरा के सरपंच जयराम शर्मा और भाजपा मंडल अध्यक्ष कुंडली इंद्र सिंह चौहान भी मौजूद रहे। द्यालय की प्राचार्या डॉ. शक्ति अहलावत ने अतिथियों का स्वागत किया और सरपंचों से अपने-अपने गांवों में नशा मुक्ति का संदेश पहुंचाने की अपील की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हरदत्त ने रैली का नेतृत्व किया।



शुभम ने कबड्डी स्पर्धा में जीता कांस्य पदक

गन्नौर। खेड़ी रोड स्थित बी.आर. ग्लोबल स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ी शुभम पंघाल ने राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक हासिल किया है। शुभम ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय और अपने परिवार का नाम रोशन किया। शुभम पंघाल गांव गुमड़ का हैं। उन्होंने एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन हरियाणा की ओर से आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की। शुभम की इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक राकेश यादव, शैक्षणिक निदेशिका पूजा पहल, उपप्रधानाचार्या मंजू सहरावत और समस्त स्टाफ ने खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यालय के निदेशक राकेश यादव ने ने शुभम के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उम्मीद जताई कि वह भविष्य में भी खेल के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।



दीपावली मेले का उत्साह-उमंग के साथ शुभारंभ

सोनीपत। स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन ने शुक्रवार को सेक्टर 12 स्थित कम्युनिटी सेंटर में तीन दिवसीय वार्षिक दीपावली मेले का उत्साह और उमंग के साथ शुभारंभ हुआ। मेले के पहले ही दिन शहरवासियों की भारी भीड़ रही। हस्तनिर्मित उत्पादों और दिवाली सजावट के स्टॉल से लेकर खानपान, गेम्स, मेहंदी, नेल आर्ट और मनोरंजक गतिविधियों तक, हर आकर्षण पर लोगों की अच्छी खासी भागीदारी रही। फाउंडेशन के संस्थापक नितिन जैन ने बताया कि मेले में खरीदारी, मनोरंजन और स्वादिष्ट व्यंजनों का भरपूर संगम देखने को मिला। मेला 1 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह 10:30 बजे से रात 8:30 बजे तक चलेगा। मेले में प्रवेश पूरी तरह निशुल्क रहेगा। शनिवार को लाइव जैमिंग और म्यूजिक परफॉर्मेंस, सूमो एवं मिकी जैसे मनोरंजक आकर्षण लोगों का उत्साह बढ़ाएंगे। होंगे। मेले में रमेश जैन, प्रवीण जैन, सुधीर जैन, अभिषेक कामरा, मीनू अग्रवाल, शारदा रेलन, प्रियंका, श्रुति सिंगला ने व्यवस्थाओं को संभाला।



जिलास्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता में विधि प्रथम

गन्नौर। राजकीय उच्च विद्यालय शाहपुर तगा की छात्रा विधि ने जिला स्तरीय स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार, विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया है। छात्रा की सफलता पर ग्राम पंचायत शाहपुर तगा के सरपंच प्रतिनिधि सुंदरलाल, विद्यालय के प्रभारी सुनील, कला अध्यापक राजेंद्र, प्रदीप राणा, रामफूल, मनोज, धर्मबीर, कुलदीप,सुमन सरोज, गीता ने विधि को पदक पहनाकर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। सरपंच प्रतिनिधि सुंदरलाल ने कहा कि छात्रा विधि ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर गांव का गौरव बढ़ाया है। उसकी मेहनत और प्रतिभा अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय के प्रभारी सुनील ने कहा कि विधि ने अपनी मेहनत, लगन और रचनात्मक प्रतिभा के बल पर जिला स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया है।



महिलाओं को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

सोनीपत। राजकीय महिला महाविद्यालय, सोनीपत में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ और महाविद्यालय परामर्श प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न रोकने संबंधी पॉश अधिनियम-2013 पर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के साथ छात्राओं को महिलाओं के कानूनी अधिकारों और शिकायत निवारण प्रक्रिया की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. किरण सरोहा ने की। मुख्य वक्ता भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के विधि विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. कृतिका ने अधिनियम के प्रावधानों, लैंगिक उत्पीड़न के विभिन्न स्वरूपों और आंतरिक शिकायत समिति की भूमिका समझाई। इस अवसर पर डॉ. वंदना नासा, डॉ. नरेश अंतिल, डॉ. शुभांगी सिसोदिया, डॉ. नीलम, डॉ. रजनी, डॉ. सविता, डॉ. पूनम, डॉ. मंजू, डॉ. मीनाक्षी और डॉ. रुचि सहित अन्य प्राध्यापक व कर्मचारी मौजूद रहे।



मेधावी विद्यार्थियों व जरूरतमंदों को नवाजा

खरखौदा। यूएस दहिया एजुकेशन सोसाइटी, अमेरिका की ओर से खरखौदा में कार्यक्रम का आयोजन कर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार प्रदान किए गए। गांव के दिव्यांग एवं जरूरतमंद लोगों को भी आर्थिक सहायता देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त स्कूल के सभी विद्यार्थियों को दीपावली के उपहार स्वरूप कंबल वितरित किए गए। मंच का कुशल संचालन नरेंद्र दहिया ने किया। इस अवसर पर डॉ. रवींद्र अहलावत, डॉ. अरुण नहरा (सेवानिवृत्त आईपीएस), डॉ. संतोष दहिया, दहिया खाप प्रधान जयपाल दहिया, योगेश दहिया, प्रोफेसर प्रताप सिंह मलिक, प्राचार्य दीपक आंतिल, सरपंच सुभाष,जयपाल, राजेंद्र, सतीश, कुलविंदर, सुरेंद्र आदि मौजूद रहे।



अतिरिक्त प्रभार के सहारे चल रही गन्नौर तहसील, दो महीने से स्थायी तहसीलदार नहीं

गन्नौर। गन्नौर तहसील में अधिकारियों की कमी के चलते कामकाज प्रभावित हो रहा है। तहसीलदार ललिता के निलंबन के करीब दो महीने बीत जाने के बाद भी यहां स्थायी तहसीलदार की नियुक्ति नहीं हो पाई है। वहीं, नायब तहसीलदार अमित यादव भी कई दिनों से छुट्टी पर हैं। ऐसे में तहसील का कामकाज अतिरिक्त प्रभार के भरोसे चल रहा है। अधिकारियों की अनुपलब्धता के कारण रजिस्ट्री सहित अन्य जरूरी कार्य करवाने के लिए तहसील पहुंच रहे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही थी। जिसके बाद सोनीपत तहसीलदार कीर्ति को गन्नौर तहसीलदार का अतिरिक्त चार्ज सौंपा गया था। वहीं, नायब तहसीलदार अमित यादव के छुट्टी पर होने के कारण यह जिम्मेदारी गोहाना के नायब तहसीलदार हेमंत शर्मा को दी गई है। एसडीएम प्रवेश कादियान ने बताया कि स्थायी तहसीलदार नहीं होने और नायब तहसीलदार के छुट्टी पर रहने से तहसील में काम करवाने आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। अब दोनों पदों का अतिरिक्त कार्यभार अधिकारियों को सौंपे दिया गया है।

अतिक्रमण के नाम पर परेशान न करें : सिंगला

सोनीपत। दीपावली के त्योहार पर बाजारों में बढ़ती रौनक के बीच जिला व्यापार मंडल ने पुलिस और नगर निगम प्रशासन से दुकानदारों के प्रति संवेदनशील रवैया अपनाने की अपील की है। व्यापार मंडल के प्रधान संजय सिंगला और चेयरमैन संजय वर्मा ने कहा कि त्योहार के सीजन में अतिक्रमण के नाम पर दुकानदारों का सामान उठाकर उन्हें परेशान नहीं किया जाना चाहिए। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई पूरे साल नियमित रूप से होनी चाहिए, न कि केवल त्योहारों के समय। संजय सिंगला ने कहा कि दीपावली व्यापारियों के लिए पूरे साल की मेहनत का महत्वपूर्ण अवसर है। बाजारों में व्यवस्था, यातायात और आमजन की सुविधा बनाए रखना जरूरी है, लेकिन प्रशासन को व्यापारियों के हितों का भी ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने मिठाइयों के नमूने लेने की कार्रवाई में नकली और मिलावटी सामान बनाने वालों पर विशेष ध्यान देने की मांग की।



कुलपति नियुक्ति में देरी पर भड़का कर्मचारी संघ

सोनीपत। विश्वविद्यालय में नए कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक नहीं बुलाए जाने पर कर्मचारी संघ ने विवि प्रबंधन के खिलाफ नाराजगी जताई है। संघ का आरोप है कि हरियाणा सरकार की ओर से तीन बार पत्र भेजे जाने के बावजूद बैठक आयोजित नहीं की गई। कर्मचारी संघ ने सरकार से मामले में हस्तक्षेप कर जल्द नए अनुभवी कुलपति की नियुक्ति करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी है। कर्मचारी संघ के प्रधान सुरेश पुट्ठी ने बताया कि सरकार ने 15 सितंबर 2026 को पहली बार बैठक बुलाने के लिए पत्र भेजा था। इसके बाद 7 अक्टूबर को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि एकल एजेंडे पर बैठक आयोजित कर नए कुलपति की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी में ईसी के दो सदस्यों के नाम नामित किए जाएं। 23 अक्टूबर को सरकार ने दोबारा अनुस्मारक भेजा, लेकिन अब तक बैठक की तारीख निर्धारित नहीं हुई।



सर्वश्रेष्ठ माता पुरस्कार स्पर्धा में डोली प्रथम



सोनीपत। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शुक्रवार को सोनीपत ग्रामीण-दो स्थित परियोजना अधिकारी कार्यालय में खंड स्तरीय सर्वश्रेष्ठ माता पुरस्कार प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें 15 महिलाओं ने लिखित प्रतियोगिता में भाग लिया। योग्यता के आधार पर तीन महिलाओं का चयन कर उन्हें नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम आंतिल ने बताया कि प्रतियोगिता में गांव मुरथल निवासी कृष्ण की पत्नी डोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें चार हजार रुपये की नकद राशि दी गई। गांव मुकीमपुर निवासी नवीन की पत्नी अंजू द्वितीय रहीं, जिन्हें तीन हजार रुपये और गांव रेवली निवासी मोहित की पत्नी पायल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महारैली को लेकर कांग्रेस भवन में मंथन

- शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान व ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया के नेतृत्व में जुटा पार्टी कुनबा, ऐतिहासिक बनाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

आगामी 1 नवंबर को शहर के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की विशाल महारैली की तैयारियों को लेकर कांग्रेस भवन में एक विशेष संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह तथा सोनीपत जिला प्रभारी एवं पूर्व मंत्री आनंद सिंह दांगी ने संयुक्त रूप से की। शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान व ग्रामीण जिलाध्यक्ष संजीव दहिया के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में जिले भर के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया और महारैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। शहरी जिलाध्यक्ष कमल दिवान ने कहा कि 1 नवंबर की महारैली को लेकर शहर के प्रत्येक वर्ग में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। बैठक में सोनीपत सह-प्रभारी नीतू वर्मा सोइन, पूर्व सांसद धर्मपाल मलिक, पूर्व विधायक जयवीर वाल्मीकि, पूर्व विधायक सुरेंद्र पवार,पूर्व विधायक सुखबीर फरमाना तथा जयवीर अंतिल ने भी अपने विचार रखे। बैठक में वरिष्ठ नेता सतपाल चौहान, ब्लॉक अध्यक्ष पुनीत राणा, ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष दीपक चावला, उपाध्यक्ष अमनदीप पाराशर, तथा संत कुमार ने अपने-अपने क्षेत्रों से भारी संख्या में कार्यकर्ताओं को लाने की रूपरेखा प्रस्तुत की। वहीं उपाध्यक्ष प्रशांत शर्मा और संगठन महासचिव मुकेश पन्नालाल ने मंच, प्रचार और अनुशासन प्रबंधन पर जोर दिया। इस अवसर पर नगर निगम पार्षद अनुराग जैन व पार्षद राजेश मलिक, महासचिव देवेंद्र शर्मा, महासचिव राजेश सेवली तथा महासचिव दैनिक वाल्मीकि ने भी रैली की व्यवस्थाओं पर चर्चा की उनके साथ अन्य कार्यकर्ता भी शामिल रहे।



बड़ी रोड पर 60 लाख से बनेगा नाला और बिछेंगी टाइलें, जलभराव से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

बड़ी रोड पर जलभराव की सालों पुरानी समस्या से राहत दिलाते हुए शुक्रवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने नगरपालिका के अधीन सड़क पर नाला निर्माण और आईपीबी टाइलें बिछाने के कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। करीब 60 लाख रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों में 34 लाख रुपये नाला निर्माण और 26 लाख रुपये इंटरलॉकिंग टाइलों पर खर्च किए जाएंगे।

एसबीएम-यू योजना के तहत बड़ी रोड पर करीब 300 मीटर लंबा निकासी नाला बनाया जाएगा। इसके अलावा फाटक से आगे करीब 600 मीटर क्षेत्र में भी नाले का निर्माण होगा। सड़क के निचले हिस्से में करीब 26 लाख रुपये की लागत से आईपीबी टाइलें बिछाई जाएंगी, ताकि सड़क का लेवल ऊंचा किया जा सके और बरसाती पानी जमा होने की समस्या से निजात मिले। इस मौके पर जेई विकास कुमार, पार्षद दिनेश अदलखा, अजय सरोहा, शमशेर सैनी, राजेश शर्मा, कृष्ण टांक, वरुण जैन, अशोक सैनी, नेत्रपाल, हरीश कौशिक, अंकित मल्होत्रा, सुनील पटवारी, चांद राठी और जगबीर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



ऋषिकुल विद्यापीठ में तीन दिवसीय मॉडल संयुक्त राष्ट्र सिमुलेशन शुरू



सोनीपत। ऋषिकुल विद्यापीठ में शुक्रवार को आईआईएमयूएन, बॉम्बे के सहयोग से तीन दिवसीय मॉडल संयुक्त राष्ट्र सिमुलेशन-2026 का शुभारंभ हुआ। विद्यालय के सभागार में आयोजित उद्घाटन समारोह में आठ विद्यालयों के करीब 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें दून इंटरनेशनल स्कूल, लैंडमार्क इंटरनेशनल स्कूल, स्प्रिंग बर्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रौनक पब्लिक स्कूल, जानकीदास कपूर पब्लिक स्कूल, द वैदिक एरा प्रोग्रेसिव स्कूल, गेटवे इंटरनेशनल स्कूल और स्वर्णप्रस्थ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी शामिल रहे। कार्यक्रम में आईआईएमयूएन के वरिष्ठ निदेशक पियूष गोयल, भारतीय विदेश सेवा के सेवानिवृत्त राजदूत अनिल त्रिगुणायत और पारुल विश्वविद्यालय, वडोदरा की सहायक प्राध्यापिका गोपिका जोशी मुख्य अतिथि रहे।

कार्यक्रम | बीपीएस महिला विवि में रन फॉर यूनिटी से राष्ट्रीय एकता व अखंडता का दिया संदेश

राष्ट्रीय एकता देश की सबसे बड़ी ताकत : प्रो. सुदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

बीपीएस महिला विश्वविद्यालय (विवि) में राष्ट्रीय एकता दिवस पर राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की विभिन्न इकाइयों द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' एवं नशामुक्त युवा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कुलपति प्रो. सुदेश ने 'रन फॉर यूनिटी' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौड़ में एनएसएस इकाइयों की स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश दिया।

प्रो. सुदेश ने कहा कि राष्ट्रीय एकता किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत होती है। भारत जैसे विविधताओं वाले देश में आपसी भाईचारा, सद्भाव, सहयोग और एक-दूसरे के प्रति सम्मान की भावना ही हमारी असली पहचान है। सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। उनका जीवन और विचार हमें राष्ट्र की एकता, अखंडता और समर्पण के लिए प्रेरित करते हैं। कुलपति ने कहा कि युवा पीढ़ी देश के भविष्य की निर्माता है। प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह समाज में एकता, सद्भाव और सकारात्मक सोच को बढ़ावा दे। इसी कड़ी में विवि के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एनएसएस इकाइयों द्वारा 'नशा मुक्त युवा' एवं 'साइक्लोथॉन रन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्राचार्या सुमिता सिंह ने की। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी संगीता एवं संजय रानी ने किया, जबकि मंच संचालन ज्योति शर्मा ने किया।



गोहाना। रन फॉर यूनिटी को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश।

महिला विवि में स्वावलंबन, संस्कृति व उद्यमिता प्रदर्शनी

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) में विवि के स्वावलंबन केंद्र के अंतर्गत स्टूडेंट लेड करियर डेवलपमेंट सेल द्वारा स्वावलंबन, संस्कृति एवं उद्यमिता विषय पर एक दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में कुल 28 स्टॉल लगाए गए जिनमें विवि की छात्राओं के साथ-साथ बाहरी उद्यमियों ने विभिन्न उत्पादों को प्रदर्शित करने के साथ उनकी बिक्री भी की। प्रदर्शनी में परिधान एवं फैशन उत्पाद, आभूषण, हस्तशिल्प, हस्तनिर्मित सजावटी वस्तुएं, गृह सज्जा सामग्री, उपहार सामग्री, पारंपरिक शिल्प, प्राकृतिक एवं हर्बल उत्पाद, पुस्तकें, शैक्षणिक सामग्री सहित अनेक रचनात्मक एवं उपयोगी उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे। प्रदर्शनी ने छात्राओं, स्थानीय उद्यमियों, कारीगरों एवं स्वयं सहायता समूहों को अपने उत्पादों और प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए एक साझा मंच प्रदान किया। प्रदर्शनी के सफल आयोजन में प्रो. प्रियंका, डॉ. आशीष, प्रो. अनीता अटवाल, प्रो. सुमन बी. कुहार एवं डॉ. पूजा का सक्रिय सहयोग एवं योगदान रहा। छात्र समन्वयक के रूप में मंजली, राशिका एवं यशिका ने व्यवस्थाओं एवं आयोजन के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



Elenta Mart
A PERFECT HYPERMARKET

DIWALI DHAMAKA SALE

ON SHOPPING OF ₹6999 & ABOVE
2KG
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

31 Oct to 08 Nov

ON SHOPPING OF ₹1999 & ABOVE
1LTR
FREE
*T&C APPLY
Only one offer can be claimed per bill.

SONIPAT | GOHANA

FLAT 25% OFF
REAL FRUIT JUICE GREETINGS - GIFT PACK AND MORE.

BUY GET 1
MCVITIE'S GIFT PACK- NUTRAJ DRY FRUITS& MORE.

BUY GET 1
BTW - SOAN PAPDI - PISTA - RASGULLA

UPTO 66% OFF
FRESCA JUICE - CELEBRATING SATMOLA RASGULLA - SOAN PAPDI

BUY GET 1
MANIA CELEBRATION GIFTS

BUY GET 1
UNIBIC / MOHANS GIFT PACK - COOKIES - BISCUITS - CHOCOLATE & MORE.

BUY GET 1
HALDIRAM'S BESAN LADOO & PANJEERI LADOO

UPTO 50% OFF
CELLO GLASS - BOTTLES - MR.COOK HOME APPLIANCES

UPTO 40% OFF
LUMINARC/ROXX CROCKERY AND GLASSWARE

UPTO 50% OFF
RICH CRAFT CROCKERY

UPTO 40% OFF
ARCH FAB BED SHEETS - TOWEL

UPTO 50% OFF
MILTON MAYUR - WATER BOTTLES - TIFFEN AND MORE

Sonipat
ITI Chowk, near Sai Mandir, Kabirpur,
Sonipat, Haryana.
Contact: +91 90530 87555

Gohana
Elenta Mart, Old Bus Stand Road,
Near Narwal Petrol Pump, Gohana.
Contact: +91-7419002626

Offers and prices may vary from branch to branch.
PRICES ARE SUBJECT TO CHANGE WITHOUT PRIOR NOTICE.

FOLLOW US ON :
elenta_mart
elenta mart

*T & C. APPLY
*STORE IS FREE TO WITHDRAW ANY SCHEME ANYTIME. *SCHEME VALID ONLY TILL STOCKS LAST* STORE IS FREE TO DECIDE QUANTITY OR PRODUCT GIVEN UNDER ANY SCHEME *ELENTA MART WILL NOT BE RESPONSIBLE FOR ANY KIND OF MISPRINT IN THE PAMPHLET *PRODUCT IMAGES ARE FOR ILLUSTRATIVE PURPOSES ONLY *TWO OFFERS WILL NOT BE CLUBBED TOGETHERBESAN & SUGAR SCHEME IS NOT APPLICABLE TO GHEE, EDIBLE OIL, ATTA, SUGAR, AND PAMPHLETS OFFER ITEMS.
*All Products are subject to availability & Some Items/Schemes may not be available at some stores. *Some offers may not be applicable on online shopping.